वारदात

**नर्मदा बोरवेल के कर्मचारियों ने गुंडे बुलाकर किया हमला, लाठी-डंडों और हथियारों से लैस हमलावरों ने महिलाओं और बच्चों को भी नहीं बख्शा**

# पैसे मांगने को लेकर खूनी संघर्ष में युवक की मौत









**घुघरी/ मंडला, नवभारत।** जिले के थाना घुघरी के अंतर्गत आने वाले ग्राम घोरेघाट में बीते 24 मई की देर रात्रि करीब 12 बजे एक सनसनीखेज और दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई है। यहाँ नर्मदा बोरवेल के कर्मचारियों द्वारा मामूली विवाद पर बाहर से गुंडे बुलाकर एक ही परिवार पर जानलेवा हमला कर दिया गया।

इस खूनी संघर्ष में एक युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि परिवार के कई अन्य लोग, जिनमें छोटे बच्चे भी शामिल हैं, गंभीर रूप से घायल हैं।

### क्या है पूरा मामला

मिली जानकारी के अनुसार, घोरेघाट में नर्मदा बोरवेल की मशीन द्वारा बोरिंग का कार्य चल



रहा था। इसी दौरान बोरवेल के कुछ कर्मचारी अत्यधिक शराब के नशे में धुत होकर स्थानीय किराना दुकान पर पहुंचे। उन्होंने दुकान से कुछ सामान लिया, लेकिन जब किराना दुकान संचालक **संतोष पड़वार ने सामान के पैसे मांगे, तो शराबी कर्मचारी भड़क गए और गाली-गलौज करने लगे।

### मंडला से बुलाईं 6 गाड़ियां, हथियारों से किया हमला

विवाद बढ़ने पर नर्मदा बोरवेल के कर्मचारियों ने फोन करके मंडला से लगभग 6 फोर व्हीलर गाड़ियों में भरकर भारी संख्या में गुंडों को बुला लिया। गांव में पहुंचते ही इन बदमाशों ने दुकान संचालक संतोष पड़वार पर लाठी-डंडों और धारदार हथियारों से हमला कर दिया। हंगामा देखकर जब पूरे गांव के लोग इकट्ठा हुए और बीच-बचाव करने लगे, उसी दौरान संतोष का छोटा भाई अनिल पड़वार भी अपने भाई की जान बचाने के लिए आगे आया। लेकिन बेखौफ आरोपियों ने अनिल पर ताबड़तोड़ डंडों और हथियारों से जानलेवा हमला कर दिया। सिर और शरीर पर गंभीर चोटें आने के कारण अनिल पड़वार की मौके पर ही मौत हो गई।

### मासूम बच्चों और महिलाओं को भी बेरेहमी से पीटा

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, हमलावर इस कदर हैवानियत पर उतारू थे कि उन्होंने बीच-बचाव करने आए पीड़ित परिवार के सभी लोगों को बेरहमी से पीटा। बदमाशों ने घर के छोटे-छोटे मासूम बच्चों और महिलाओं तक को नहीं बख्शा, जिससे पूरे परिवार में चीख-पुकार मच गई।

### परिजनों ने पीएम से किया इनकार

घटना के बाद सभी घायलों को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घुघरी में भर्ती कराया गया है, जहाँ उनका इलाज जारी है। वहीं, मृतक अनिल पड़वार का शव भी अस्पताल में निजी वाहन में रखा हुआ है। घटना के बाद से ही अस्पताल परिसर और गांव में भारी आक्रोश और तनाव का माहौल है। मृतक के बड़े भाई अशोक पड़वार ने कड़ा रुख अपनाते हुए प्रशासन को चेतावनी दी है कि जब तक सभी आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया जाता और हमारे परिवार को न्याय नहीं मिलता, तब तक हम शव का पोस्टमार्टम नहीं होने देंगे।

### पुलिस जांच में जुटी

घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी पूजा बघेल घुघरी थाना पुलिस और वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंच चुके हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। गांव में तनाव की स्थिति को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। स्थानीय ग्रामीणों में इस बात को लेकर भारी आक्रोश है कि बाहर से आए बोरवेल कर्मचारियों ने स्थानीय लोगों पर इस तरह का जानलेवा हमला कैसे कर दिया।



## बीजाडांडी में जननी एक्सप्रेस का टोंटा

**3 में से सिर्फ 1 गाड़ी तैनात, गर्भवती महिलाओं की जान जोखिम में**

**चालकों की मनमानी और अधिकारियों की अनदेखी से ठप पड़ी स्वास्थ्य सेवा, ग्रामीणों में भारी आक्रोश**

**बीजाडांडी।** जिले के बीजाडांडी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर जननी एक्सप्रेस की बदहाल स्थिति से गर्भवती महिलाओं और उनके परिजनों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कागजों पर बीजाडांडी ब्लॉक के लिए 3 गाड़ियाँ आवंटित हैं, लेकिन हकीकत में लोकेशन पर मात्र एक ही गाड़ी उपलब्ध रहती है, जिससे आपातकालीन स्थिति में मरीज निजी वाहनों का सहारा लेने को मजबूर हैं।

क्षेत्रवासियों का आरोप है कि जननी एक्सप्रेस के चालक मंडला के निवासी हैं, जो अक्सर अपनी निर्धारित लोकेशन उदयपुर और बीजाडांडी पर मौजूद नहीं रहते। कॉल करने पर चालकों द्वारा बहानेबाजी की जाती है। ग्रामीणों का यह भी आरोप है कि विभाग के डीएम और चालकों की मिलीभगत के कारण उन्हें मनमानी करने की खुली छूट मिली हुई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि 42 पंचायतों के लिए पहले ही 3 गाड़ियाँ नाकाफी हैं, ऐसे में एक गाड़ी के भरोसे स्वास्थ्य सेवाएं भगवान भरोसे चल रही हैं।

### अधिकारियों ने झाड़ा पल्ला

जब इस गंभीर मामले को लेकर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से संपर्क किया गया, तो वे यह कहते हुए पल्ला झाड़ते नजर आए कि जननी एक्सप्रेस का संचालन अलग विभाग के अंतर्गत आता है, इसलिए वे इसमें कोई हस्तक्षेप नहीं कर सकते।

### समय रहते नहीं सुधरे तो आंदोलन की चेतावनी

ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल स्थानीय चालकों की नियुक्ति करने और तीनों जननी एक्सप्रेस गाड़ियों की लोकेशन सुनिश्चित करने की मांग की है। लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार नहीं हुआ, तो मजबूरन उन्हें आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ेगा।

# गंगा दशहरा पर नदियों और जल स्त्रोतों का हुआ कायाकल्प

**घुघरी के रामकृष्ण आनंद आश्रम में जल गंगा संवर्धन अभियान का समापन, बुढ़नेर नदी तट पर हुआ श्रमदान**



### अधिकारियों और नागरिकों की रही सक्रिय भागीदारी

इस पुनीत कार्य में जन अभियान परिषद के मार्गदर्शन में शासकीय अधिकारियों और ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में अनुविभागीय अधिकारी सचिन जैन, तहसीलदार सीके बट्टे, सीईओ भावना भात्रवंशी, जन अभियान परिषद से नेमलाल धुर्वे, सरपंच यशोदा मरावी, सचिव शिवकुमार बैरागी सहित बड़ी संख्या में शासकीय अमला और जागरूक नागरिक उपस्थित रहे।

**घुघरी/मंडला।** शासन के जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत घुघरी स्थित रामकृष्ण आनंद आश्रम में बुढ़नेर नदी के तट पर एक वृहद स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। गंगा दशहरा के पावन पर्व पर आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ मां गंगा की पूजा-अर्चना, भव्य आरती और कलश यात्रा के साथ हुआ।

अभियान के तहत जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों और आम नागरिकों ने सामूहिक श्रमदान कर बुढ़नेर नदी के घाटों और आसपास के क्षेत्रों को स्वच्छ बनाया। इस दौरान क्षेत्र के कुओं, बावड़ियों और तालाबों की विशेष साफ-सफाई व जीर्णोद्धार किया गया। भविष्य में जल संकट को दूर करने और भूजल स्तर को सुधारने के लिए बंद पड़े बोरवेलों के पास रिचार्ज पिट का निर्माण भी सुनिश्चित किया गया।

### भुआ बिछिया में हुआ जल स्त्रोतों का कायाकल्प



**भुआ बिछिया।** नगर परिषद भुआ बिछिया में शासन के निर्देशानुसार संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान का समापन गंगा दशहरा के पावन पर्व पर अत्यंत उत्साह और श्रद्धा के साथ हुआ। वार्ड क्रमांक 14 स्थित श्रीराम मंदिर के समीप एनीकट पर आयोजित इस कार्यक्रम की शुरुआत मां गंगा की विधि-विधान से पूजा-अर्चना और भव्य गंगा आरती के साथ की गई। इस अवसर पर नगर में कलश यात्रा निकाली गई, जिसने जन-जन को जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया। अभियान के तहत जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों और स्थानीय नागरिकों ने सामूहिक श्रमदान कर नगर के कुओं, नहरों, बावड़ियों और तालाबों की साफ-सफाई व जीर्णोद्धार किया। जल स्तर को बढ़ाने के उद्देश्य से बंद पड़े पुराने बोरवेलों के समीप रिचार्ज पिट का निर्माण भी कराया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि शशिकांत श्रीवास्तव, अजयपुरी गोस्वामी, त्रिवेणी तेकाम, नारायणी साहू, पुरुषोत्तम शुक्ला सहित नोडल अधिकारी अशोक यादव, सह-नोडल अधिकारी अक्षय चौधरी, नारायण परते, घनश्याम चौहान, मनोज निगम, अनीता रजक, कौशल्या तेकाम, सचिन यादव, दीपक रजक, अहमद अली, मनोज मोगरें, अजय मदें, आशीष नंदा, राजेंद्र पांडेय, सुषमा यादव, पूर्णिया पटेल, दीपिका मारूवंश व बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे। अभियान ने जल स्त्रोतों के संरक्षण को एक जन-आंदोलन का स्वरूप देते हुए भविष्य के लिए जल सुरक्षा का मजबूत संदेश दिया है।

## ग्राम बकोरी में जल गंगा संवर्धन अभियान का शंखनाद, निकाली कलश यात्रा



**मंडला/बकोरी।** विकासखंड मंडला के ग्राम बकोरी में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत गंगा दशहरा के उपलक्ष्य में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान बाजार चौक से तालाब तक एक विशाल कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए।

कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण के रूप में ग्राम के तालाब पर विधि-विधान से जल पूजन किया गया। इसके बाद पवित्र जल से वट वृक्ष और शिवलिंग का अभिषेक कर प्रकृति के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की गई। उपस्थित जनप्रतिनिधियों और वक्ताओं ने ग्रामीणों को वर्षा जल संचयन और जल स्त्रोतों की स्वच्छता के प्रति जागरूक किया।

इस अवसर पर सामाजिक जनप्रतिनिधि शैलेष मिश्रा, जन अभियान परिषद के सेक्टर प्रभारी संतोष रजक, नवांकुर संस्था के महेंद्र श्रीवास, सरपंच, सचिव दिलीप मार्को सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक और ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### बीजेगांव में गंगा दशहरा पर जल स्त्रोतों का हुआ पूजन





**नारायणगंज।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत विकासखंड नारायणगंज के ग्राम बीजेगांव में ग्राम पंचायत बीजेगांव द्वारा गंगा दशहरा उत्सव धूमधाम से मनाया गया। मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक राजेंद्र चौधरी और ब्लॉक समन्वयक संतोष झारिया के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में जल संरक्षण और पर्यावरण सुरक्षा पर विशेष जोर दिया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत ग्राम स्थित जल स्त्रोतों के विधि-विधान से पूजन-अर्चन के साथ हुई। इसके बाद बाजार चौक से झिरिया तालाब तक भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं, पुरुष और बच्चे शामिल हुए। कलश यात्रा के दौरान क्षेत्र की सुख-समृद्धि और जल स्त्रोतों को जीवित रखने का संकल्प लिया गया। ग्राम पंचायत सरपंच ने गंगा दशहरा पर्व के पौराणिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए वर्तमान समय में जल संरक्षण की अनिवार्यता को समझाया।

#### हरियाली के लिए किया पौधारोपण

कार्यक्रम के अंतिम चरण में जल गंगा संवर्धन अभियान का समापन करते हुए पौधारोपण किया गया, जिससे भविष्य में जल संचयन के साथ हरियाली का विस्तार हो सके। इस अवसर पर नोडल अधिकारी एसडीओ जीतू उइके, इंजीनियर राजकुमार केवट, सरपंच अर्जुन सिंह उइके, उपसरपंच झुन्ना लाल यादव, सचिव मंगल सिंह मरावी, रोजगार सहायक गर्जन सिंह यादव सहित नवांकुर संस्था प्रगति जन कल्याण समिति के अध्यक्ष कमलेश पावले, परामर्शदाता इंद्रा उइके, मुख्यमंत्री इंटर्नशिप प्रोग्राम की देवलता उइके, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सिया कुलस्ते, सरिता मरावी, सुषमा झारिया व बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### गंगा दशहरा पर जल संरक्षण का संदेश

**नारायणगंज।** विकासखंड नारायणगंज के बबलिया सेक्टर क्रमांक 5 में गंगा दशहरा पर्व बड़े उत्साह एवं श्रद्धा के साथ मनाया गया। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत ग्राम पंचायत मैली में जल स्त्रोतों के पास साफ-सफाई अभियान चलाया गया तथा कलश यात्रा निकालकर ग्रामीणों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने जल स्त्रोतों की सुरक्षा एवं संरक्षण करने की शपथ ली। इस अवसर पर जन अभियान परिषद बबलिया सेक्टर क्रमांक 5 के सेक्टर प्रभारी सुरेश कुमार सोनी एवं कृष्ण कुमार झारिया विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पंचायत सचिव, ग्रामीणजन एवं बड़ी संख्या में महिलाओं की सहभागिता रही। जन अभियान परिषद की ओर से बबलिया माल, देवरी कला, मैली, डाला खापा एवं छपरा ग्राम पंचायतों में भी जल गंगा संवर्धन कार्यक्रम आयोजित किए गए।



## जवैधा में हुआ जल स्त्रोतों का पूजन लिया जल संरक्षण का संकल्प

**निवास।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत ग्राम जवैधा में जल गंगा दशहरा के अवसर पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के मार्गदर्शन में नवांकुर संस्था आदिवासी जनकल्याण विकास संस्थान द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जल स्त्रोतों का संरक्षण और उनके प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना था।

इस दौरान ग्रामीणों और समिति सदस्यों ने सामूहिक श्रमदान कर ग्राम स्थित पेयजल स्त्रोत और उसके आसपास के क्षेत्र की विशेष साफ-सफाई की। विधिवत पूजन-अर्चन के बाद कलश में जल लेकर ग्राम के देवस्थान में अर्पित किया गया और क्षेत्र की सुख-समृद्धि के लिए प्रार्थना की गई। कार्यक्रम के माध्यम से वर्षा जल संचयन और जल स्त्रोतों की स्वच्छता का महत्व समझाया गया। इस अवसर पर संस्था के आरूणी सिंगरोरे, सुरेन्द्र अहिरवार, शिव प्रसाद यादव, भूपेश यादव, योगेश मरावी, मन्नू यादव, पिंकी पट्टा, दिनेश्वरी यादव, कानता यादव, रेखा यादव सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

**दिवंगत शिक्षक अमर सिंह कुलस्ते के परिजनों को 11 हजार की आर्थिक सहायता**

## दुख की घड़ी में पीड़ित परिवार के साथ खड़ा हुआ आजाद अध्यापक शिक्षक संघ

**नारायणगंज।** आजाद अध्यापक शिक्षक संघ नारायणगंज ने एक बार फिर सामाजिक सरोकार और मानवता का अनूठा परिचय दिया है। संघ के पदाधिकारियों ने हाल ही में दिवंगत हुए शिक्षक स्वर्गीय अमर सिंह कुलस्ते के गृह ग्राम हर्राटीकुर पहुंचकर उनके शोक संतप्त परिवार से मुलाकात की। इस दौरान संघ के सदस्यों ने दुखी परिवार को ढांढस बंधाया और सांत्वना देते हुए इस कठिन समय में हर संभव मदद का भरोसा दिलाया।



मुलाकात के दौरान संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि आजाद अध्यापक शिक्षक संघ केवल एक संगठन नहीं, बल्कि एक परिवार है जो हमेशा अपने साथियों और समाज के हर सुख-दुख में अग्रिम पंक्ति में खड़ा रहता है। इसी सेवा संकल्प के तहत संघ की ओर से स्वर्गीय कुलस्ते के आश्रित परिवार को तात्कालिक मदद के रूप में 11 हजार रूपए की आर्थिक सहयोग राशि ससम्मान प्रदान की गई।

शोक संवेदना व्यक्त करने और आर्थिक सहायता सौंपने के दौरान शिक्षक संघ और स्थानीय प्रशासन के कई प्रमुख लोग मौजूद रहे, जिनमें मुख्य रूप से शेख रहमान ब्लॉक अध्यक्ष, हेमन्त मरावी जिला संयोजक, नरबद मरावी, रामदयाल वरकड़े, मुकेश पाठक, चन्द्रभान धनगर, अमोल उइके, ओमकार उलाड़ी, सहपत मरावी, चैन सिंह मरावी एवं सुशील कुमार मरावी इसके साथ ही ग्राम के स्थानीय सरपंच और पीड़ित परिवार के अन्य सदस्य भी उपस्थित थे। संघ के इस अत्यंत संवेदनशील और सहयोगात्मक कदम की समूचे नारायणगंज क्षेत्र में जमकर सराहना की जा रही है।

## अवैध शराब के ठिकानों पर छापेमारी, 28 हजार की शराब जब्त

**ढाबों और सार्वजनिक स्थलों पर चला विशेष अभियान**

**आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज**



**मंडला।** जिले में अवैध शराब के विरुद्ध पुलिस अधीक्षक राजेश रघुवंशी के निर्देशन में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। विभिन्न थाना क्षेत्रों और हाईवे के ढाबों पर की गई ताबड़तोड़ कार्रवाई में भारी मात्रा में देशी-अंग्रेजी शराब और बीयर बरामद की गई है।

अभियान के दौरान अनुविभागीय अधिकारी सोनल सिडाम, एसडीओपी पीयूष मिश्रा, नायब तहसीलदार राम सिंह उलाड़ी और थाना प्रभारी सफीख खान की संयुक्त टीम ने बिनेका बायपास, सेमरखापा, बनियातारा रोड और कटरा बायपास सहित कई स्थानों पर छापेमारी की। इस कार्रवाई में



बिनेका बायपास से 12 लीटर बियर, अचली सेमरखापा से महुआ शराब, हाईवे स्थित ढाबों से भारी मात्रा में अंग्रेजी व्हिस्की और बियर बरामद की गई। कुल जप्त शुदा शराब की अनुमानित कीमत लगभग 28 हजार रुपये आंकी गई है। अधिकारियों ने बताया कि अवैध शराब के परिवहन, भंडारण और बिक्री पर रोक लगाने के लिए यह अभियान निरंतर जारी रहेगा। पकड़े गए सभी आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे अवैध शराब के कारोबार की सूचना पुलिस को दें, ताकि क्षेत्र में शांति और कानून व्यवस्था बनी रहे।